RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार, 21 फरवरी 2023 | वर्ष 04 | अंक 263 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# कारोबारी का अपहरण करने और दो लाख रुपये वसूलने के मामले में पांच गिरफ्तार



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी से एक कारोबारी का फिरौती के लिए कथित तौर पर अपहरण करने के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अपहताओं ने करोबारी के परिवार से दो लाख रुपये वसूले थे और बाकी पैसों की मांग कर रहे थे। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। जबरन वसूली विरोधी प्रकोष्ठ के वरिष्ठ निरीक्षक मलोजी शिंदे ने बताया कि पांचों ने अपने आपको पुलिसकर्मी के रूप में पेश किया और 27 जनवरी को कारोबारी का अपहरण कर लिया था तथा उसकी रिहाई के लिए उसके परिजनों से 10 लाख रुपये मांगे थे।

उन्होंने बताया, ''उन्होंने कारोबारी के परिजनों से दो लाख रुपये वसूल लिए और बाद में तीन लाख रुपये की और मांग की। नौ फरवरी को निजामपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।'' शिंदे ने बताया, ''हमने उनके पास से दो कार, मोबाइल फोन और 40,500 रुपये नकद जब्त किए हैं।''

# सियासी झटका झेल रहे उद्धव ठाकरे

## इस बीच गठबंधन को लेकर प्रकाश आंबेडकर ने कर दिया ये एलान

**मुंबई :** वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने सोमवार को कहा कि उनका संगठन 2024 में सभी चुनाव उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना धड़े के साथ गठबंधन में लड़ेगा. महाराष्ट्र में 2024 में विधानसभा चुनाव होने हैं. बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) सहित विभिन्न नगर निकायों के चुनाव भी लंबे समय से लंबित हैं.

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और प्रकाश आंबेडकर की वीबीए ने 23 जनवरी को गठबंधन की घोषणा की थी. आंबेडकर ने तब कहा था कि गठबंधन फिलहाल शिवसेना (यूबीटी) और वीबीए के



बीच है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि महाविकास आघाड़ी (कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) के अन्य घटक भी इसमें शामिल होंगे.

**'चुनावी गठबंधन बना रहेगा'**

निर्वाचन आयोग ने उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका देते हुए शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले समूह को शिवसेना नाम और उसके चुनाव चिह्न धनुष और बाण आवंटित कर दिया था. चुनाव आयोग ने ठाकरे गुट को राज्य में हो रहे विधानसभा उपचुनावों के पूरा होने तक शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नाम और पिछले साल अक्टूबर में एक अंतरिम आदेश में आवंटित मशाल चुनाव चिह्न को रखने की अनुमति दी. प्रकाश आंबेडकर ने सोमवार को यहां संवाददाताओं के एक सवाल के जवाब में कहा कि शिवसेना (यूबीटी) और वीबीए के बीच दोस्ती 2024 के विधानसभा चुनावों में बनी रहेगी और बीच में जो भी चुनाव होंगे, चुनावी गठबंधन बना रहेगा. वीबीए के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने यह भी कहा कि पुणे में चिंचवड विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए वीबीए-शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है. उन्होंने कहा कि इसलिए वीबीए निर्दलीय उम्मीदवार राहुल कलाटे का समर्थन कर रहा है. बता दें कि शिवसेना का चुनाव चिन्ह और नाम शिंदे गुट को आवंटित किए जाने के बाद से राज्य सहित पूरे देश में एक अलग बहस छिड़ गया है. चुनाव आयोग के इस फैसले के बाद शिंदे गुट और उद्धव ठाकरे गुट के बीच बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है.

# महिला ने ऑनलाइन सर्च किया हॉस्पिटल का नंबर...

## 1 लाख रुपये की हो गई ठगी, जानें कहां की चूक




**मुंबई :** मुंबई में 52 साल की एक महिला से ऑनलाइन ठगी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसने मुंबई के एक अस्पताल का नंबर ऑनलाइन खोजा था, जब उसने उस पर कॉल किया तो वह ठगी की शिकार बन गई। आरोप है कि साइबर अपराधी ने महिला को एक लाख रुपये की चपत लगाई। ओशिवारा पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज की है।

पुलिस ने बताया, अंधेरी (पश्चिम) की रहने वाली उमैमा शेख ने एक न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर की जानकारी लेने के लिए 23 जनवरी को जोगेश्वरी के रूबी हॉस्पिटल का नंबर गूगल पर खोजा। उसे ऑनलाइन एक नंबर मिला, जब उसने उस नंबर पर कॉल किया तो वह अस्पताल का नहीं बल्कि ठग का नंबर था। हालांकि महिला इस बात से अनजान थी। दरअसल जिस डॉक्टर की जानकारी महिला चाहती थी वह रूबी हॉस्पिटल में प्रैक्टिस करते है। पीड़ित महिला ने बताया कि जब उसने नंबर पर कॉल किया तो एक शख्स ने फोन उठाया और खुद की पहचान हॉस्पिटल के स्टाफ के तौर पर बताई। ठग ने महिला से कहा कि उसे संबंधित डॉक्टर का अपॉइंटमेंट ऑनलाइन बुक करना होगा। उसने महिला को उसके व्हाट्सएप नंबर पर एक लिंक भेजा। साथ ही उसने महिला से कहा कि अपॉइंटमेंट लेने के लिए उसे 10 रुपये का ऑनलाइन भुगतान भी करना होगा। जिसके बाद शेख ने लिंक पर क्लीक कर सारी डिटेल्स भरकर ऑनलाइन भुगतान किया।

हालांकि, जब वह अस्पताल गई, तो उन्हें बताया गया कि उनके पास ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट के लिए ऐसी कोई व्यवस्था ही नहीं है। इसके बाद महिला को गड़बड़ी का अंदेशा हुआ और वह सीधे बैंक गई। जहां पता चला कि उसके खाते से कोई संदिग्ध लेन-देन नहीं किया गया था।

# मुंबई में रिश्तों का कत्ल!

## भाइयों-भाभियों ने मिलकर शख्स को लात-घूंसों से पीटा, हुई मौत

**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में संपत्ति पाने के चक्कर में अपने ही अपनों की जान ले रहे हैं। हाल के दिनों में ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी है, जिसने शहरवासियों को दहला दिया। नया मामला जोगेश्वरी से सामने आया है, जहां दो भाइयों-भाभियों ने मिलकर घर के बड़े शख्स की पीटपीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को बताया कि मुंबई के जोगेश्वरी में एक व्यक्ति की उसके दो छोटे भाइयों और उनकी पत्नियों ने कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, शनिवार को संपत्ति विवाद को लेकर रविकुमार मोटकुरी (46) के साथ उनके दो छोटे भाइयों और उनकी पत्नियों





ने कथित तौर पर मारपीट की थी। बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रविवार रात मृतक के दो भाइयों जितेंद्र मोटकुरी (43) और महेंद्र मोटकुरी (40) को गिरफ्तार कर लिया। एमआईडीसी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 और 34 के तहत मामला दर्ज किया है।

एमआईडीसी पुलिस के एक अधिकारी ने कहा ''जोगेश्वरी इलाके में संपत्ति विवाद को लेकर दो भाइयों और उनकी पत्नियों ने अपने बड़े भाई रविकुमार की हत्या कर दी। एमआईडीसी पुलिस ने मृतक की पत्नी के बयान पर आईपीसी की धारा 304 और 34 के तहत एफआईआर दर्ज किया है और मृतक के भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है।'' रविकुमार की पत्नी ने आरोप लगाया कि उनके पति को उसके भाइयों और उनकी पत्नियों ने उसके और दो बेटों के सामने मार डाला।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : मंगलवार, 21 फरवरी 2023





## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# विपक्षी एकता की संभावना

जयराम रमेश का यह कहना सही है कि कांग्रेस के बिना विपक्षी एकता संभव नहीं है, लेकिन कठिनाई यह है कि कई क्षेत्रीय दल कांग्रेस का साथ देने के नाम पर उसकी राजनीतिक जमीन पर काबिज होना चाहते हैं। कांग्रेस पहले से ही कई राज्यों में अपनी राजनीतिक जमीन खो चुकी है और अब यदि वह विपक्षी एकता के नाम पर क्षेत्रीय दलों के लिए और जगह छोड़ती है तो वह खुद भी क्षेत्रीय दल के रूप में सिमट जाएगी। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि आज कांग्रेस उन अनेक राज्यों में तीसरे-चौथे नंबर का दल बनकर रह गई है, जहां कभी वह पहले स्थान पर थी। यह सही है कि कई क्षेत्रीय दल कांग्रेस को साथ लेकर भाजपा का मुकाबला करने की पहल कर रहे हैं, लेकिन उनमें से कई उसका नेतृत्व स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं। इनमें से कुछ राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार मानने को तैयार नहीं। ऐसे कुछ दलों ने कांग्रेस के बिना विपक्षी दलों को एकजुट करने की रणनीति अपना ली है। इनमें प्रमुख हैं-भारत राष्ट्र समिति और तृणमूल कांग्रेस।

क्षेत्रीय दल भले ही कांग्रेस के साथ मिलकर भाजपा को चुनौती देना आसान बता रहे हों, लेकिन सच्चाई यह है कि उनके पास ऐसा कोई एजेंडा नहीं, जो आम जनता का ध्यान खींच सके। एक तथ्य यह भी है कि उनका दूसरे राज्यों में कोई प्रभाव नहीं है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों में भी उनकी दृष्टि संकीर्ण है। अब तो वे रेवड़ी संस्कृति को भी अपनाते जा रहे हैं, जो कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था का बेड़ा गर्क करने वाली है। इसमें संदेह नहीं कि अपना राजनीतिक प्रभाव खो देने के बाद भी कांग्रेस एक राष्ट्रीय दल है और करीब-करीब सारे देश में उसका प्रभाव है। इसी कारण विपक्षी एकता उसके नेतृत्व में ही संभव है, लेकिन इसके लिए जिस वैकल्पिक एजेंडे की आवश्यकता है, उसकी पूर्ति वह नहीं कर पा रही है। इसलिए नहीं कर पा रही है, क्योंकि वह समय के साथ वामपंथी सोच से ग्रस्त होती जा रही है। वह रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा देने में क्षेत्रीय दलों से होड़ ले रही है। वैकल्पिक नीतियों के नाम पर उसके पास कुल मिलाकर रेवड़ी संस्कृति ही है।

यह एक विडंबना ही है कि जिस कांग्रेस ने एक समय देश की अर्थव्यवस्था का उदारीकरण किया, वही आज निजीकरण के विरोध में खड़ी नजर आती है। वह यह समझने को तैयार नहीं कि उद्योग-व्यापार जगत को बढ़ाए बिना देश को आगे नहीं ले जाया जा सकता। यदि कांग्रेस यह चाहती है कि उसके नेतृत्व में विपक्षी दलों का कोई सशक्त गठबंधन बने और वह भाजपा को चुनौती देने में सक्षम हो तो उसे सबसे पहले ऐसा कोई एजेंडा बनाना होगा, जो देश के लोगों को आकर्षित करे। फिलहाल कांग्रेस ऐसा नहीं कर पा रही है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

## तारापुर स्थित कंपनी में जोरदार धमाका, एक मजदूर की मौत और अन्य तीन जख्मी

**पालघर:** पालघर जिले के बोईसर स्थित तारापुर इंडस्ट्रियल क्षेत्र के कंपनी में जोरदार धमाका हुआ, जिससे एक मजदूर की मौत हो गई और अन्य तीन घायल बताए गए है। बता दे कि यह ब्लास्ट जीपिएन फार्मा कंपनी के प्लॉट नंबर टी १०८/१०९ में हुई है। घायल मजदूरों का इलाज के लिए बोईसर के संजीवनी अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया गया है कि जेपीएन फार्मा कंपनी में शुक्रवार को सुबह करीब १० बजे बॉयलर में प्रक्रिया के दौरान कंडेनसर ग्लास में विस्फोट हो गया। पीसीएल३ गैस के संपर्क में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। इस हादसे में तीन मजदूर घायल हो गये हैं.मृतक मजदूर का नाम प्रयाग घरात (उम्र २१ वर्ष) है। कंपनी कुल ४९ कर्मचारियों को रोजगार देती है और एनपीआई बनाती है।

# टिकट के बिना यात्रा करने वाले रेल यात्रियों पर लगा जुमार्ना

## आरपीएफ और वाणिज्य विभाग ने की कार्रवाई!

**वसई** : को पश्चिम रेलवे अंतर्गत नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर विशेष टिकट चेकिंग दस्ता तैनात कर फोर्ट्रेस (किलेबंदी कर) टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया,जिसमे बड़ी संख्या में रेल यात्रियों की जेब ढीली हुई है। यह अभियान मात्रा ४ घन्टे चलाया गया,ऐसे में यात्रियों पर कार्रवाई जर्बदस्त की गयी व विभाग को राजस्व की प्राप्ति लाखों रुपए में हुई है। यह कार्रवाई वाणिज्य विभाग व आरपीएफ के साथ चेकिंग की गई,बताया गया है कि अभियान के दौरान शाम ४ बजे देर रात्रि ८ बजे तक बिना टिकट के यात्रा करने वाले २४१ व्यक्ति पकड़े गए, जिनसे जुमार्ने के रूप में लगभग




६९७४५ रुपये के राजस्व की प्राप्ति हुई। फिलहाल,उक्त अभियान आरपीएफ नालासोपारा इंचार्ज राजीव सिंह सलारिया के नेत्तृत्व में एसईपीएफ सुभाष यादव,एएसआई एएसआई रंजीत शर्मा आरपीएफ स्टाफ सहित टीटीई स्टाफ मौजूद थे। ज्ञात हो कि वर्ष २०२२ में इस अभियान के तहत रेल प्रशासन ने नालासोपारा स्टेशन से २२६१ रेल यात्रियों की जेब ढीली हुई थी,कुलमिलाकर ५१५१३० रुपये का प्रशासन दंड के रूप में जुमार्ना वसूला था।

# नालासोपारा पूर्व में अवैध फेरीवालों की वजह से ट्रैफिक जाम

## भारी समस्याओं का समाना कर रहे वाहन चालक और राहगीर



**नालासोपारा** : वसई विरार शहर महानगरपालिका क्षेत्र में सबसे अधिक भीड़भाड़ नालासोपारा पूर्व क्षेत्र में होता है, लेकिन सवाल यह उठ रहा है आखिर क्यों ? बता दे कि नालासोपारा पूर्व के अचोले रोड और तुलिंज रोड पर सबसे अधिक फेरीवालों का कब्जा सड़क और फुटपाथ पर जमा है, जिससे शहर के वाहन चालकों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का समाना भी करना पड़ रहा है। अब दूसरा सवाल यह उठ रहा है आखिर यह सब मुमकिन कैसे ? तो बता दे कि यह सब तभी संभव है जब वसई विरार शहर महानगरपालिका के विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों की अच्छी साठगांठ हो। शहर वासियों को अफसोस बस यही कि आज कोई ऐसा अधिकारी नहीं आया जिसने सड़क और फुटपाथ को अवैध फेरीवालों से मुक्त करवा दिया हो, और अब ऐसा संभव भी नहीं लगा रहा है। बता दे कि वसई विरार शहर मनपा के पास फेरीवाला क्षेत्र नहीं है, जिस कारण अवैध फेरीवालों ने अपना ठिकाना सड़क और फुटपाथ बना लिया है। दिन प्रतिदिन नालासोपारा पूर्व शहर की सड़को पर भारी जाम लगता है जो कि अतिआवश्यक सेवा वालो के लिए यह एक बड़ी मुसीबत साबित हो रहा है। अब ऐसे सवाल यह उठ रहा है कि आखिर मनपा के विभागीय अधिकारी अपना कर्तव्य बखूबी क्यों नहीं निभा रहे है ? कहीं ना कहीं ठेकदारों की मिलीभगत से मनपा के विभागीय अधिकारियों को निजी फायदा जरूर होता है जिस कारण शहर के नागरिकों की सबसे बड़ी समस्या को विभागीय अधिकारी नजर अंदाज कर के बैठे है।

# वसई विरार शहर महानगरपालिका जारी हुआ सूचना पानी के नल कनेक्शन पर नागरिक नियमावली का करे पालन


**वसई** : वसई विरार शहर महानगरपालिका महासभा संकल्प संख्या ०९, दिनांक ०७.०६.२०११ द्वारा अनुमोदित विविसीएमसी क्षेत्र में अवैध रूप से लिए गए अनधिकृत नल कनेक्शनो को नियमित करने के लिए नीति के अनुसार १५ मार्च २०२३ के पूर्व संबंधित वार्ड समिति के सह.आयुक्त/प्र.सह आयुक्त को लिखित आवेदन कर निम्नानुसार अवैध नल कनेक्शनों को नियमित किया जा सकता है।(१).अनाधिकृत कनेक्शनों को नियमित करने के लिए संपत्ति के प्रकार के आधार पर स्वीकार्य कनेक्शन आकार के तीन गुना की दर से कनेक्शन आकार की वसूली की जाएगी।(२). जल कर संयोजन की संभावित तिथि से तीन गुणा दर से वसूल किया जायेगा। (३). इसके अतिरिक्त, प्रत्येक पाइप कनेक्शन शुल्क १५००/- रुपये और सड़क खुदाई शुल्क १०००/- रुपये वसूल किया जाएगा।(४). यदि अनधिकृत नल कनेक्शन धारक नल




कनेक्शन को नियमित करने के लिए उपरोक्त राशि का भुगतान करने के लिए तैयार नहीं है, तो महाराष्ट्र नगर निगम अधिनियम की धारा ४६८ वष्ठे तहत दंडात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। (५).अनाधिकृत कनेक्शन लेने वाले व्यक्ति/संगठन के पदाधिकारी के विरूद्ध आपराधिक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी ।हालांकि,उपरोक्त निर्धारित अवधि के बाद देखे गए अनधिकृत कनेक्शनों पर ज्ञात हो कि माननीय महासभा के संकल्प संख्या ०९ दिनांक ०७.०६.२०११ के प्रावधान के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

# वसई विरार शहर में गटर का टूटा फूटा ढक्कन बना धोखादायक!

**वसई:** शहर के बीचों बीच सैकड़ो गटर के ढक्कन टूटे फूटे अवस्था में पड़े है, जो कि नागरिकों के धोखड़ायक साबित हो रहा है। ऐसे सवाल यह उठ रहा है आखिर कोई अनहोनी होने पर कौन होगा जिम्मेदार ? जबकि उन सभी टूटे फूटे ढक्कनों की मरम्मत करवाना वसई विरार



शहर महानगरपालिका का ही मूल कर्तव्य है। ऐसे में प्रतिवर्ष ढक्कनों को लेकर करोड़ो का टेंडर पास जरूर किया जाता है, फिर भी शहर के टूटे फूटे ढक्कनों का मरम्मत नहीं हो पाता है। देखा गया है कि कई बार गटर पर ढक्कन ना होने की वजह से उसमें नागरिक गिर जाते है और उनका हाथ पैर टूट जाता है यहीं नहीं बल्कि अब तो जान भी जाने लगी है।



# संपत्ति विवाद में भाइयों ने बड़े भाई की कर दी हत्या!

## पत्नियों ने भी दिया साथ... पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने रविवार को दो भाइयों को अपने ही बड़े भाई की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। दोनों छोटे भाइयों पर आरोप है कि संपत्ति विवाद को लेकर हुए झगड़े में अपने बड़े भाई को जोर से धक्का दे दिया जबकि दोनों जानते थे कि उसे दिल की बीमारी है। तीनों भाई जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड (जेवीएलआर) पर एक ही फ्लैट में रहते थे। 43 वर्षीय जितेंद्र मोटखुरी और 40 वर्षीय महेंद्र मोटखुरी भाइयों के खिलाफ प्राथमिकी 46 वर्षीय मृतक रविकुमार मोटखुरी की पत्नी सपना मोटखुरी की शिकायत के आधार पर दर्ज की गई थी। शिकायत के मुताबिक, घटना ग्रीनफील्ड कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी में शनिवार शाम करीब पांच बजे हुई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फ्लैट के मालिकाना हक को लेकर तीनों भाइयों में अक्सर लड़ाई होती थी



और संपत्ति का विवाद अदालत में भी पहुंचा था। मृतक की पत्नी सपना की शिकायत में कहा गया है कि जितेंद्र और महेंद्र जानते थे कि उनका भाई दिल की बीमारी से पीड़ित है और अगर उसे पीटा गया तो यह उसकी मौत का कारण बन सकता है। उसने आरोप लगाया कि भाइयों ने जानबूझकर संपत्ति के विषय को उठाया और झगड़ा हो गया। मारपीट के दौरान उन्होंने रविकुमार की पिटाई की और उसे सोफे पर धकेल दिया। इससे वह होश खो बैठा और गिर पड़ा। इसके बाद उन्हें अंधेरी के होली स्पिरिट अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सपना द्वारा संदेह जताए जाने के बाद मृतक के विसरा को संरक्षित कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया था।

### दोनों भाइयों के पत्नियों के खिलाफ भी गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

बाद में स्थानीय एमआईडीसी पुलिस थाने में अपने बयान में उसने दोनों भाइयों और उनकी पत्नियों के खिलाफ शिकायत की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने चारों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या और साझी मंशा के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। एक अधिकारी ने कहा कि दोनों भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और रविवार को अदालत में पेश किया।

# मुंबई के मुलुंड पश्चिम में स्पा सेंटर और वेलनेस सेंटर की आड़ में चलरहाथासेक्सरैकेट!


## महिला मैनेजर समेत तीन गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई के मुलुंड पश्चिम में एक स्पा और वेलनेस सेंटर पर छापा मारकर पुलिस ने तीन लड़कियों को छुड़ाया है। स्पा और वेलनेस सेंटर की मैनेजर अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर सैक्स रैकेट चला रही थी। क्राइम ब्रांच यूनिट 7 ने वेश्यावृत्ति के लिए लड़कियों की तस्करी करने वाली महिला मैनेजर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 10 हजार रुपये नकद और आठ मोबाइल फोन जब्त किए है। पुलिस के मुताबिक, मुलुंड के एक प्रसिद्ध स्पा और वेलनेस सेंटर में तीन लड़कियों को जबरन रखकर वेश्यावृत्ति कराई जा रही थी। सूचना के आधार पर, यूनिट 7 के अधिकारियों ने स्पा में आने वाले एक डमी ग्राहक की व्यवस्था



की। महिला मैनेजर ने अतिरिक्त सेवाओं के लिए 2 हजार रुपये की मांग की। जिसके बाद पुष्टि हुई कि वह वेश्यावृत्ति का रैकेट चला रही थी। क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी ने कहा, जांच में सामने आया कि 30 वर्षीय महिला वेश्यावृत्ति के लिए लड़कियों की तस्करी में लिप्त थी। यूनिट 7 के पुलिस इंस्पेक्टर सुधीर जाधव ने कहा, महिला मैनेजर समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मामला मुलुंड पुलिस स्टेशन को स्थानांतरित कर दिया गया।

# फ्लिपकार्ट का डिलीवरी ब्वॉय 30 से अधिक महिलाओं को अश्लील वीडियो कॉल करने पर गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने एक 27 वर्षीय युवक को 30 से अधिक महिलाओं से वीडियो कॉल करने और अश्लील हरकत करने के आरोप में पुणे से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि फ्लिपकार्ट डिलीवरी एजेंट के रूप में काम करने वाला युवक ऋ पर नौकरी के अवसर देखने के बाद, व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल होता था और अश्लील वीडियो कॉल करता था।

मुंबई पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान ज्योतिराम बाबूराव मंसुले के रूप में हुई है। युवक जब नौकरी पाने वाले व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल हो जाता तो वह महिला की तस्वीर वाले वाट्सएप नंबर पर गंदी और अश्लील फोटो भेजता था।

आरोपी मनसुले के खिलाफ मलाड इलाके में रहने वाली एक 35 साल की महिला ने शिकायत की। निजी कंपनी में काम करने वाली इस महिला को जनवरी में मनसुले ने वीडियो कॉल किया था और महिला ने जैसे ही उठाया तो वो पूरी तरह नग्न अवस्था में खड़ा था। आरोपी ने इसके बाद महिला को कई अश्लील फोटो भी भेजी, जिसके बाद महिला ने मलाड पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने फोन के लोकेशन के आधार पर आरोपी को बाद में गिरफ्तार कर लिया।

# मनसे नेता का आरोप, संजय राउत ने किया महाराष्ट्र का अपमान

## बोले- मैं होता तो थप्पड़ मार देता...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता और प्रवक्ता संदीप देशपांडे ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कथित तौर पर अश्लील और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने के लिए सांसद संजय राउत की खिंचाई की। देशपांडे ने कहा, प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संजय राउत ने अश्लील और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। महाराष्ट्र को ऐसी भाषा बर्दाश्त नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दुख की बात है कि किसी ने उन्हें नहीं रोका। अगर मैं होता तो उसे थप्पड़ मार देता। इस तरह की भाषा बर्दाश्त नहीं की जा सकती। देशपांडे ने कहा, आप जितना चाहें राजनीतिक हो सकते हैं




और आरोप लगा सकते हैं लेकिन इस तरह की अश्लील भाषा का इस्तेमाल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संजय राउत का मानसिक संतुलन बिगड़ने का दावा करते हुए मनसे नेता ने कहा, जेल में रहने के बाद उनका दिमाग खराब हो गया है। देशपांडे ने आगे कहा कि धनुष और तीर की लड़ाई हारने के बाद उद्धव ठाकरे विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। बार-बार बालासाहेब के नाम का सहारा ले रहे हैं। अब उनके पास कुछ नहीं बचा है, इसलिए वो विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मराठी लोग इमोशनल हैं, लेकिन मूर्ख नहीं। शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने रविवार को आरोप लगाया कि शिवसेना पार्टी के नाम और उसके धनुष एवं तीर चिंह को लेने के लिए अब तक 2000 करोड़ रुपये का सौदा किया गया। चुनाव आयोग द्वारा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को पार्टी का नाम शिवसेना और चुनाव चिन्ह धनुष और तीर आवंटित करने के दो दिन बाद राउत की यह टिप्पणी आई है।

# शिक्षका हुई ऑनलाइन फ्रॉड की शिकार




**नालासोपारा :** डिजिटल पेमेंट अब लोगों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले गेंग इन दिनों नालासोपारा में भी सक्रिय हैं। 24 जनवरी 2023 को भी इस फ्रॉड गैंग के सदस्यों ने नालासोपारा पूर्व के ओस्तवाल नगरी में रहनेवाली शिक्षका कु. अंबिका चंद्रकिशोर मिश्रा नामक 22 वर्षीय युवती को अपना शिकार बनाते हुए उससे 58 हजार 265 रुपये की ऑनलाइने ठगी की है। इस मामले की लिखित शिकायत युवती ने तुलिंज पुलिस स्टेशन में की।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : मंगलवार, 21 फरवरी 2023



# वायरल फीवर के मरीजों की अस्पतालों में लगी भीड़

**पालघर :** पालघर जिले में लगातार तापमान के उतार चढ़ाव के कारण इन दिनों वायरल बुखार ने हा-हाकार मचा रखा है। हर दूसरे तीसरे घर से कोई न कोई बदलते मौसम से बीमार है। लोग बुखार, गले में खराश, खांसी, जुकाम, बदन दर्द, जोड़ो में दर्द आदि से ग्रस्त हैं। खासकर छोटे बच्चे वायरल से ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। सबसे ज्यादा मरीज मेडिसिन और बाल रोग की ओपीडी में आ रहे हैं। मरीजों खासकर बच्चों और बुजुर्गों को ठीक होने में काफी समय लग रहा है। दवाएं लेने के बावजूद लक्षण कम होने में समय लग रहा है। शहर से लेकर गांव तक वायरल ने अपने पांव पसार लिए हैं, जिससे सरकारी अस्पतालों और प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। बहुत सारे मरीज ऐसे आ रहे हैं जिनकी स्थिति चलने लायक नहीं है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप जिला जिला और ग्रामीण



अस्पताल समेत अन्य प्राइवेट अस्पतालों में रोजाना मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अधिकांश मरीज खांसी, जुकाम और बुखार से पीड़ित पहुंच रहे हैं। जिले के 46 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की ओपीडी में 2000 से ज्यादा मरीजों का पंजीकरण किया जा रहा है। इसी तरह जिले के 9 ग्रामीण अस्पताल और 3 उप जिला अस्पतालों सहित बड़ी संख्या में मौजूद प्राइवेट अस्पतालों में लगातार वायरल से प्रभावित लोग आ रहे हैं। पालघर, डहाणू, वसई, विरार, नालासोपारा, बोईसर, वानगांव, सफाले, वाड़ा, जव्हार, विक्रमगढ़, मोखाड़ा सहित जिले भर से हजारों लोग डॉक्टर के पास पहुंच रहे हैं। डॉक्टर महेश मेवाड़ा ने बताया कि मौसम में आ रहे बदलाव से वायरल खांसी-जुकाम के मरीज बढ़ रहे हैं। अस्पताल में जांच कराने के लिए आने वाले अधिकांश मरीज बुखार से पीड़ित हैं ऐसे मौसम में खानपान और रहन-सहन के मामले में खास ध्यान देने की जरूरत है। छोटे बच्चों के गीले कपड़े समय पर बदलते रहें जिससे बच्चों को सर्दी, जुकाम, खांसी से बचाया जा सके पालघर में वायरल फीवर में उछाल के बीच लोग बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# सीसीटीवी की मदद से चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**कल्याण :** रेलवे स्टेशन पर बैठे एक व्यक्ति का सोने का आभूषण व पैसों से भरा बेग चोरी हो गया। पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर कल्याण रेलवे पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर आरोपी को डॉबिवली से गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 10 फरवरी को रात साढ़े 11 बजे के दरम्यान एक व्यक्ति बदलापुर रेलवे स्टेशन के



प्लेटफॉर्म नंबर एक के बेंच पर बैठकर ट्रेन आने का इंतजार कर रहा था। दिनभर की थकान के चलते बेंच पर बैठे-बैठे उसे नींद लग गयी। कुछ देर के बाद जब उसकी आंख खुली तो देखा कि उसका बैग गायब था। पीड़ित व्यक्ति ने इस बात की शिकायत कल्याण रेलवे पुलिस थाने में दर्ज कराई। शिकायत में व्यक्ति ने बताया कि गायब हुए बैग में सोने के आभूषण, नकदी व मोबाइल था। रेलवे पुलिस की अपराध शाखा ने प्लेटफॉर्म पर लगे सीसीटीवी को खंगालना किया। जिसमें दिखाई दिया एक व्यक्ति बैग को लेकर ट्रेन चढ़ रहा है। पुलिस ने अंबरनाथ उल्हासनगर, विठ्ठलवाड़ी, सहित डोंबिवली के सीसीटीवी खंगालना शुरू किया। पुलिस ने डोंबिवली से 3 मासवकर नामक व्यक्ति गिरफ्तार कर उसके पास चोरी के सामान व नकदी किया है।

# वाशिंग मशीन में विस्फोट



**नालासोपारा :** वसई पश्चिम के एक इमारत में वाशिंग मशीन में विस्फोट होने का मामला प्रकाश में आया है। इस हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। विस्फोट के कारणों का पता नहीं चल सका है कि विस्फोट कैसे हुआ, जांच के बाद स्पष्ट हो पाएगा। इस घटना से बिल्डिंग में अफरातफरी मच गई। आशंका जताई जा रही है कि धमाका शॉर्ट सर्किट की वजह से हुआ है।

# सड़क हादसे में तीन यात्रियों की मौत




**रायगढ़ :** रायगढ़ के पेन-खोपोली मार्ग पर वाकुल गांव के पास एक हादसे में तीन यात्रियों की मौके पर ही मोत हो गई और पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मोके पर पहुची और राहत कार्य शुरू हो गया। मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ के पेन-खोपोली रोड पर वाकुल गांव के पास इको कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस भयानक हादसे के बाद हाइवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। यात्रियों की मदद से हादसे के शिकार लोगों की मदद की गई।

# तीसरी तिमाही में सरकारी बैंकों में लोन वृद्धि के मामले में बैंक आफ महाराष्ट्र का प्रदर्शन सबसे अच्छा


**महाराष्ट्र :** पुणे स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने ॠ23 की तीसरी तिमाही के लिए लोन बढ़ोतरी प्रतिशत के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य उधारदाताओं को पीछे छोड़ दिया है. द3ॠ23 में साल-दर-साल सकल अग्रिम में 21.67% की वृद्धि के साथ, इङ्गट राज्य के स्वामित्व वाले बैंकों की सूची में सबसे ऊपर है. **BoM** के बाद यूनियन बैंक ऑफ इंडिया था. जबकि लेंडिंग प्लेटफॉर्म्स में 16.91% ङ्ख की वृद्धि दर के साथ देश का सबसे बड़ा ऋणदाता चौथे स्थान पर रहा. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 2022-23 की तीसरी तिमाही में लोन वृद्धि के मामले में बैंक ऑफ महाराष्ट्र (इङ्गट) का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है. सार्वजनिक




क्षेत्र के बैंकों के ताजा वित्तीय नतीजों के आकलन से यह तथ्य सामने आया है. पुणे के बैंक ऑफ महाराष्ट्र की कुल लोन वृद्धि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 21.67 प्रतिशत रही है. प्रतिशत के लिहाज से लोन वृद्धि के मामले में पिछली 10 तिमाहियों से बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है. कोविड महामारी के दबाव के बावजूद बैंक का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है. लोन वृद्धि के मामले में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के बाद दूसरे स्थान पर 19.80 प्रतिशत की वृद्धि के साथ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का स्थान रहा. देश का सबसे बड़ा लोनप्रदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) 16.91 प्रतिशत की लोनवृद्धि के साथ चौथे स्थान पर है. हालांकि, मात्रा के हिसाब से देखें तो एसबीआई का कुल कर्ज बीओएम के 1,56,962 करोड़ रुपये के लोनकी तुलना में लगभग 17 गुना अधिक यानी 26,47,205 करोड़ रुपये रहा. खुदरा-कृषि-एमएसएमई (आरएएम) लोनके संदर्भ में

# शिवालयों में देर रात तक लगी रही भक्तों की कतार

**पालघर :** जिले के पालघर, बोईसर, डहाणू, वानगाव, तारापुर, सफाले, वैतरना, उमरोली, सरावली, आजाद नगर, धनानीनगर, यादव नगर, कृष्णा नगर सहित विभिन क्षेत्रों में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। हजारों की संख्या में शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त



किया। भोलेबाबा की पूजा, आराधना और शिवार्चन के लिए लगभग सभी शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ सुबह से लेकर देर रात तक देखी गई। बताया जाता है कि पालघर जिले की जव्हार, मोखाडा, विक्रमगढ़, तलासरी, पालघर व डहाणू तहसील सहित लगभग अन्य सभी जगहों पर शिवरात्रि का महा पर्व बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। सभी पर कृपा दृष्टि बनी रहे, सभी सुखी और संतुष्ट रहें इस कामना से शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पारंपरिक तरीके से आराधना की।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com